(ख) इंडियन एयरलाइन्स अहमदाबाद से मस्कट तथा कुवैत को सप्ताह में 3 उड़ानें तथा शारजाह को दो उड़ानें प्रचालित करती है। इसके अतिरिक्त, एअर इंडिया दिल्ली/मुंबई से अपनी अन्तरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए सुविधाजनक सम्पर्क महैया कराते हुए अहमदाबाद से हब व स्पोक आधार पर प्रति सप्ताह दिल्ली तथा मुम्बई को तीन-तीन उड़ानें प्रचालित करती है।

(ग) और (घ) समय-समय पर अहमदाबाद से विभिन्न गंतव्यों को अन्तरराष्ट्रीय उड़ाने प्रचालित करने के संबंध में अनुरोध प्राप्त होते रहे हैं। अहमदाबाद से उड़ानों का आगे संबर्धन बाजार आवश्यकताओं पर आधारित होगा जो विमान कंपनियों द्वारा यातायात सर्वेक्षणों के मार्फत सतत रूप से मानीटर की जाती हैं।

इंडियन एयरलाइन्स के कुछ मार्गों पर यात्री उड़ानों की संख्या में कमी

2412. **श्री अजीत जोगी:** क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इंडियन एयरलाइन्स के उन मार्गों का ब्यौरा क्या है, जिन पर 60 प्रतिशत से कम यात्री विमान यात्रा करते हैं;

(ख) क्या इसमें से कुछ हवाई मार्गों पर इंडियन एयरलाइन्स की उड़ानों की माह-वार संख्या में कमी आती जा रही है;

(ग) क्या इंडियन एयरलाइन्स अपने विमानों को दूसरी एयरलाइनों को सशर्त पट्टे पर देने का विचार रखता है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और

(ङ) यदि नहीं, तो इंडियन एयरलाइन्स से यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में कमी को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जाने का विचार है?

नागर विमानन मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री सी०एम० इब्राहीम): (क) दिसम्बर, 1995 माह में इंडियन एयरलाइन्स/एलाइंस एयर द्वारा प्रचालित 60 प्रतिशत से कम सीट फैक्टर वाले मार्गों के ब्यौरे संलग्न विवरण में दिए गए हैं। (नीचे देखिए)

(ख) जी, नहीं।

(ग) जी, नहीं।

(घ) और (ङ) ये प्रश्न नहीं उठते।

विवरण

60% सीट गुणकों से कम वाले मार्गों को दर्शाने वाला ब्यौरा दिसम्बर, 1996 के आकड़ों पर आधारित

क्र०सं०	सैक्टर
1.	दिल्ली-लेह-दिल्ली
2.	दिल्ली-चंडीगढ़-अमृतसर-मुम्बई और वापसी
3.	चेन्नई-भुवनेश्वर-कलकत्ता और वापसी
4.	मुम्बई-वाराणसी-लखनऊ-मुम्बई
5.	कलकत्ता-रांची-पटना-मुम्बई
6.	कलकत्ता-बंगलौर
7.	कलकत्ता-हैदराबाद
8.	दिल्ली-खजुराओ-वाराणसी
9.	जयपुर-मुम्बई
10.	हैदराबाद-मुम्बई
11.	चेन्नई-त्रिवेन्द्रम
12.	चेन्नई-त्रिची
13.	चेन्नई-कलकत्ता
14.	चेन्नई-मदुरै-कालीकट
15.	चेन्नई-कोयम्बतूर-कालीकट
16.	बंगलौर-कालीकट
17.	गुवाहाटी-अगरतला

Air service to Vellore Airport

2413. SHRI R. MARGABANDU: Will the Minister of CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) whether there is any proposal to operate any kind of viable air service to vellore Airport in Tamil Nadu either as Terminal end or enroute to other airports; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI C.M. IBRAHIM): (a) and (b) Indian Airlines, at present, has no plans to operate services through Vellore Airport due to